# Daily Current Affairs

Date : 29 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राणा प्रताप सागर बाँध |
| 2. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 में राजस्थान<br>2. नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस : आबू रोड<br>3. नंदलाल मीणा<br>4. सिल्क रूट अल्ट्रा और खारदुँगला चैलेंज 2025<br>5. आयांश जैन - इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड्स में नाम दर्ज<br>6. सुनील अग्रवाल - छत्तीसगढ़ के 'प्रवासी समन्वयक' नियुक्त<br>7. मानिनी कौशिक<br>8. खलखाणी माता का मंदिर<br>9. 69वीं राज्य स्तरीय विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता<br>10. राजस्थान की 'पहली अमृत भारत एक्सप्रेस'<br>11. सार्जेंट सुरेंद्र मोगा हॉल<br>12. ऑपरेशन साइबर शील्ड<br>13. प्रोफेसर (डॉ.) पंकज भारद्वाज |
| 3. | डुगोंग संरक्षण रिजर्व |
| 4. | अटल इनोवेशन मिशन (AIM) |
| 5. | मत्स्यन सब्सिडी पर WTO समझौता |
| 6. | वनों पर पर्यावरणीय लेखांकन, 2025 रिपोर्ट |
| 7. | चिल्ड्रन इन इंडिया, 2025 रिपोर्ट |
| 8. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ड्रोन वॉल: यूरोपीय संघ<br>2. अग्नि-प्राइम मिसाइल<br>3. अनुच्छेद 304: सुप्रीम कोर्ट |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राणा प्रताप सागर बाँध

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय जल आयोग (CWC) की रिपोर्ट के अनुसार, राणा प्रताप सागर बाँध में तलछट (मिट्टी की परत) जमा होने की समस्या के कारण बाँध की क्षमता पिछले 51 वर्षों में लगभग 10 प्रतिशत कम हो गई है।

**राणा प्रताप सागर बाँध :**

- **अवस्थिति :** राणा प्रताप सागर बाँध चंबल नदी पर रावतभाटा (चित्तौड़गढ़) में स्थित है।
- राणा प्रताप सागर बाँध राजस्थान का सबसे बड़ा बाँध है।
- **चम्बल नदी पर निर्मित बाँध :** गांधी सागर, राणा प्रताप सागर, जवाहर सागर और कोटा बैराज।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 में राजस्थान**<br>■ **राजस्थान के 4 खिलाड़ी :** संदीप चौधरी, सुंदरसिंह गुर्जर, महेन्द्र गुर्जर (भाला फेंक) और बंटी जांगिड़ (200 मीटर स्पर्धा)<br>■ **भारतीय टीम के मुख्य कोच :** द्रोणाचार्य अवॉर्डी राजस्थान के महावीर सैनी।<br>■ **मुख्य तकनीकी अधिकारी :** डॉ. मोहन चौधरी।<br>■ **आयोजन :** नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 27 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक। |
| 2. | **नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस : आबू रोड**<br>■ 27 सितम्बर, 2025 को राज्यपाल हरिभाउ बागड़े ने आबू रोड (सिरोही) में 'नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस' का उद्घाटन किया।<br>■ **आयोजक :** ब्रह्माकुमारीज संस्थान का मीडिया प्रभाग।<br>■ **आयोजन :** 26 से 30 सितम्बर, 2025 तक।<br>■ इस सम्मेलन में भारत सहित नेपाल के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा साइबर मीडिया से लगभग 1500 पत्रकार भाग ले रहे हैं। |
| 3. | **नंदलाल मीणा**<br>■ हाल ही में, राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री और आदिवासी नेता नंदलाल मीणा का निधन हो गया।<br>■ मीणा 7 बार विधायक और एक बार सांसद रहे तथा प्रतापगढ़ को जिला बनाने की ऐतिहासिक पहल की।<br>■ उन्होंने वर्ष 1977 में उदयपुर ग्रामीण से चुनाव जीतकर राजनीति में प्रवेश किया था। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **सिल्क रूट अल्ट्रा और खारदुँगला चैलेंज 2025**<br>■ हाल ही में, जयपुर निवासी महेश द्विवेदी और सूरज मीणा ने सिल्क रूट अल्ट्रा और खारदुंगला चैलेंज 2025 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।<br>■ सिल्क रूट अल्ट्रा 2025 में महेश द्विवेदी ने 15 घंटे, 6 मिनट और 56 सेकंड में दौड़ पूरी कर उपलब्धि हासिल की। उन्होंने लगभग 18,000 फीट की ऊंचाई पर नॉन-लद्दाखी श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त किया।<br>■ वहीं, युवा अल्ट्रा रनर सूरज ने खारदुँगला चैलेंज 2025 में 7 घंटे, 21 मिनट और 15 सेकंड में दौड़ पूरी की। उनका यह प्रदर्शन प्रतियोगिता के इतिहास में दूसरा सर्वश्रेष्ठ कोर्स रिकॉर्ड है। |
| 5. | **आयांश जैन - इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड्स में नाम दर्ज**<br>■ जयपुर के आयांश जैन ने 23 शैडो मैटचिंग जिगसो पजल्स (प्रत्येक में 2 पीस) को 11 मिनट 21 सेकंड में सॉल्व कर 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में अपना नाम दर्ज करवाया। |
| 6. | **सुनील अग्रवाल - छत्तीसगढ़ के 'प्रवासी समन्वयक' नियुक्त**<br>■ हाल ही में, राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा ने फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) यूथ विंग के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल को छत्तीसगढ़ का 'प्रवासी समन्वयक' मनोनीत किया। |
| 7. | **मानिनी कौशिक**<br>■ राजस्थान की मानिनी कौशिक मिस्र के काहिरा में आयोजित होने वाली ISSF वर्ल्ड शूटिंग चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।<br>■ मानिनी 50 मीटर राइफल प्रोन इवेंट में हिस्सा लेंगी। ज्ञातव्य है कि मानिनी राष्ट्रीय शूटिंग रैकिंग में नंबर-1 खिलाड़ी हैं। |
| 8. | **खलखाणी माता का मंदिर**<br>■ हाल ही में, जयपुर के भावगढ़ बंध्या में प्रतिष्ठित खलखाणी माता गर्दभ मेले (गधों का मेला) का आयोजन किया गया।<br>■ खलखाणी माता कुम्हार, धोबी एवं खटीक समाज के लोगों की आराध्य देवी है। |




UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 9. | **69वीं राज्य स्तरीय विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता**<br>■ 29 सितम्बर से 5 अक्टूबर, 2025 तक बाड़मेर में 69वीं राज्य स्तरीय विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता छात्र वर्ग 17 व 19 वर्ष का आयोजन किया जा रहा है। |
| 10. | **राजस्थान की 'पहली अमृत भारत एक्सप्रेस'**<br>■ बिहार के दरभंगा से मदार (अजमेर) के बीच 'अमृत भारत एक्सप्रेस' का संचालन किया जाएगा।<br>■ राजस्थान में संचालित होने वाली यह पहली 'अमृत भारत एक्सप्रेस' ट्रेन है। |
| 11. | **सार्जेंट सुरेंद्र मोगा हॉल**<br>■ हाल ही में, भारतीय वायु सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए चिकित्सा सहायक सार्जेंट सुरेंद्र मोगा के सम्मान में दिल्ली में वायु सेना अस्पताल के एक हॉल का नाम बदलकर 'सुरेंद्र हॉल' किया गया।<br>■ सार्जेंट सुरेंद्र मोगा मई, 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद शहीद हो गए थे। |
| 12. | **ऑपरेशन साइबर शील्ड**<br>■ राजस्थान में बढ़ते साइबर अपराधों से निपटने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन साइबर शील्ड' का संचालन किया जा रहा है।<br>■ इस ऑपरेशन की सर्वप्रथम शुरुआत जनवरी, 2025 में की गई थी, जिसका प्राथमिक उद्देश्य जन जागरूकता, फर्जी सिम कार्ड की पहचान करने और उसे ब्लॉक करने, चोरी हुए उपकरणों को बरामद करने, आपराधिक डेटाबेस बनाने और अपराधियों को गिरफ्तार करने पर केंद्रित है। |
| 13. | **प्रोफेसर (डॉ.) पंकज भारद्वाज**<br>■ हाल ही में, प्रोफेसर (डॉ.) पंकज भारद्वाज को 'राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर' का निदेशक नियुक्त किया गया।<br>■ उन्होंने राजस्थान में क्षय रोग (NETP) के लिए ऑपरेशनल रिसर्च कमेटी के अध्यक्ष और राजस्थान और मध्य प्रदेश के लिए NACO, MoHFW के क्षेत्रीय संस्थान के नोडल अधिकारी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## डुगोंग संरक्षण रिजर्व

### चर्चा में क्यों?

- अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) ने IUCN विश्व संरक्षण कांग्रेस 2025 के अवसर पर भारत के पहले डुगोंग संरक्षण रिजर्व को मान्यता देने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। यह संरक्षण रिजर्व पाक की खाड़ी (तमिलनाडु) में अवस्थित है।

### मुख्य बिन्दु:

**डुगोंग संरक्षण रिजर्व:**

- इसे वर्ष 2022 में तमिलनाडु सरकार ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत स्थापित किया था।
- यह पाक खाड़ी के उत्तरी हिस्से में 448.34 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है।
- यहाँ 12,250 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में समुद्री घास पारितंत्र मौजूद हैं।
- समुद्री घास कई अन्य समुद्री प्रजातियों का भी पोषण करती है, तथा कार्बन प्रच्छादन (Carbon sequestration) में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**डुगोंग (सी काऊ):**

- यह एकमात्र समुद्री शाकाहारी स्तनधारी है, जो पूरी तरह से समुद्री घास पर निर्भर है।
- भारत में, पाक खाड़ी (जहाँ इनकी संख्या सबसे ज्यादा है) के अलावा यह मन्नार की खाड़ी, कच्छ की खाड़ी आदि में पाया जाता है।
- **IUCN रेड लिस्ट स्थिति:** वल्नरेबल।
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I में सूचीबद्ध।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## अटल इनोवेशन मिशन (AIM)

### चर्चा में क्यों?

- अटल इनोवेशन मिशन (AIM), नीति आयोग और केंद्र सरकार ने कश्मीर विश्वविद्यालय के सहयोग से ATL सारथी और फ्रंटियर रीजन प्रोग्राम शुरू किया है।

### मुख्य बिन्दु:

- फ्रंटियर रीजन प्रोग्राम के तहत् जम्मू और कश्मीर में 500 नए अटल टिंकरिंग लैब्स (ATLs) स्थापित किए जाएंगे।

**अटल इनोवेशन मिशन (AIM):**

- 2016 में नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया।
- **उद्देश्य:** नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देना।

**अटल टिंकरिंग लैब (ATL) के बारे में:**

- ये अटल इनोवेशन मिशन के तहत स्कूलों में स्थापित अत्याधुनिक लैब हैं।
- **उद्देश्य:** देश भर में कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों में 21वीं सदी के उपकरणों और तकनीकों जैसे-इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 3D प्रिंटिंग आदि के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देना।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## मत्स्यन सब्सिडी पर WTO समझौता

### चर्चा में क्यों?

- यह समझौता WTO के 12वें मंत्रीस्तरीय सम्मेलन (2022) में अपनाया गया था। WTO के दो-तिहाई सदस्य देशों द्वारा इसे औपचारिक रूप से स्वीकार कर लेने के उपरांत यह समझौता लागू हुआ है।

### मुख्य बिन्दु:

**मत्स्यन सब्सिडी पर WTO समझौता:**

- यह हानिकारक सब्सिडी पर अंकुश लगाने के लिए बाध्यकारी नियम प्रभावी करता है।
- यह WTO का पहला बहुपक्षीय समझौता है, जिसके मूल में पर्यावरणीय संधारणीयता है।
- यह सतत् विकास लक्ष्य (SDG)-14 की प्राप्ति में मददगार साबित होगा।
- **सतत् विकास लक्ष्य (SDG)-14:** महासागरों, समुद्रों और समुद्री संसाधनों का संरक्षण एवं सतत् उपयोग करना।
- भारत लघु मछुआरों के लिए सब्सिडी की सुरक्षा, आजीविका की सुरक्षा व खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस समझौते में शामिल नहीं हुआ।
- **WTO मत्स्य कोष:** इसका गठन विकासशील और अल्पविकसित सदस्य देशों को समझौते के कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करने के लिए किया गया है। यह कोष WTO सदस्यों के स्वैच्छिक योगदान द्वारा समर्थित है।
- समझौते के तहत् विकासशील देशों को विशेष और विभेदक उपचार की सुविधा प्रदान की गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## वनों पर पर्यावरणीय लेखांकन, 2025 रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- यह रिपोर्ट सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने जारी की है। यह पर्यावरणीय लेखांकन से जुड़ा लगातार 8वाँ संस्करण है।

### मुख्य बिन्दु:

- यह वन लेखांकन पर आधारित पहली समर्पित रिपोर्ट है । इसे संयुक्त राष्ट्र के "पर्यावरणीय आर्थिक लेखांकन प्रणाली (SEEA) फ्रेमवर्क" के आधार पर तैयार किया गया है।

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदु:**

**भौतिक परिसंपत्ति लेखा (Physical Asset Account):**

- **वनावरण (2010-11 से 2021-22):** यह 17,444.61 वर्ग किमी (22.50%) बढ़ा है। अब कुल वन क्षेत्र 7.15 लाख वर्ग किमी. तक पहुँच गया है, जो भारत के भौगोलिक क्षेत्र का 21.76% है।
- **सर्वाधिक बढ़ोतरी वाले राज्य:** केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु।
- **रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया (RFA) में सर्वाधिक वृद्धि वाले राज्य:** उत्तराखंड (6.3%), ओडिशा (1.97%), और झारखंड (1.9%)।

**संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण-आर्थिक लेखांकन प्रणाली (SEEA):**

- इसे वर्ष 2012 में संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय आयोग और खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) ने विकसित किया था।
- **SEEA क्या है:** SEEA एक अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय मानक है, जो आर्थिक और पर्यावरणीय आँकड़ों को एकीकृत करता है। इसका उद्देश्य पर्यावरण का अर्थव्यवस्था में योगदान और अर्थव्यवस्था का पर्यावरण पर प्रभाव समझना है।
- SEEA फ्रेमवर्क को पहली बार सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने 2018 में अपनाया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चिल्ड्रन इन इंडिया, 2025 रिपोर्ट

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने चिल्ड्रन इन इंडिया, 2025 रिपोर्ट का चौथा अंक जारी किया।

## मुख्य बिन्दु:

- यह रिपोर्ट बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण संरक्षण आदि पर विवरण प्रदान करती है, ताकि बच्चों के अधिकारों और कल्याण में सुधार के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियों को निर्देशित किया जा सके।

### रिपोर्ट के मुख्य बिंदु:

- **शिशु मृत्यु दर (IMR):** 2011 की 44 से घटकर 2023 में 25 हो गई।
- शिशु मृत्यु दर (IMR) प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर एक वर्ष से कम आयु के बच्चों की होने वाली मृत्यु की संख्या।
- **5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (U5MR):** 2022 की 30 से घटकर 2023 में 29 हो गई।
- 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में मृत्यु दर (U5MR) किसी वर्ष विशेष या अवधि में जन्म लेने वाले प्रति 1000 बच्चों की 5 वर्ष की आयु से पहले मृत्यु की संभावना को दर्शाती है।
- **जन्म दर:** 2023 में प्रति 1,000 जनसंख्या पर घटकर 18.4 हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 20.3, जबकि शहरी क्षेत्रों में 14.9 है।

### Dropout की दर (2022-23 से 2024-25):

- **प्रारंभिक (प्रिपरेटरी) चरण:** 8.7% से घटकर 2.3% हो गई।
- **मिडिल स्तर:** 8.1% से घटकर 3.5% हो गई।
- **माध्यमिक स्तर:** 13.8% से घटकर 8.2% हो गई।
- बाल विवाह की दर 2015-16 की 26.8% से घटकर 2019-21 में 23.3% हो गई।
- गोद लिए गए कुल बच्चों की संख्या 3,927 (2017-18) से बढ़कर 4,515 (2024-25) हो गई।
- 2024-25 में शिक्षा के सभी स्तरों पर लैंगिक समानता हासिल की गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ड्रोन वॉल: यूरोपीय संघ**<br>■ डेनमार्क में संदिग्ध रूसी ड्रोन देखे जाने के बाद यूरोपीय संघ ने 'ड्रोन वॉल' बनाने की दिशा में कदम उठाए हैं।<br>**ड्रोन वॉल:**<br>■ यह AI आधारित बहुस्तरीय ड्रोन-डिफेंस प्रणाली है। इसे एयरशील्ड कहा जाता है। यह एंटी-ड्रोन प्लेटफॉर्म है।<br>■ इसे हथियारों से लैस तेज गति से उड़ने वाले मानवरहित लक्ष्यों से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया है।<br>■ यह ड्रोन घुसपैठ, GPS जैमिंग और अन्य अपरंपरागत हमलों के खिलाफ अर्ली वार्निंग, रियल टाइम में खतरे का पता लगाने और खुफिया जानकारी प्रदान करता है। |
| 2. | **अग्नि-प्राइम मिसाइल**<br>■ DRDO और सामरिक बल कमान (SFC) ने चलती ट्रेन में स्थापित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।<br>■ यह चलती ट्रेन से दागी जाने वाली अपनी तरह की पहली फ्यूचरिस्टिक मिसाइल प्रणाली है जो रेल नेटवर्क पर संचालित हो सकती है।<br>**अग्नि-प्राइम मिसाइल:**<br>■ यह DRDO द्वारा विकसित अत्याधुनिक, दो-चरणीय, ठोस-ईंधन वाली, कैनिस्टर-से लॉन्च होने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। यह अग्नि श्रृंखला में सबसे नई मिसाइल है।<br>■ **मारक क्षमता:** 2000 किलोमीटर तक। यह पारंपरिक और परमाणु, दोनों तरह के वारहेड्स ले जा सकती है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3.**

## अनुच्छेद 304: सुप्रीम कोर्ट

- **सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 304 (a) का हवाला देते हुए कहा है कि, टैक्स प्रणाली का इस्तेमाल इस तरह नहीं किया जा सकता कि दूसरे राज्यों से आने वाली वस्तुओं के साथ भेदभाव हो।**
- **राज्य करों को इस तरह से निर्धारित कर सकते हैं कि बाहर से आने वाले सामान और राज्य के भीतर बने सामान पर टैक्स भार एक समान पड़े।**

**अनुच्छेद 304 (a):**

- **एक राज्य या केंद्र शासित प्रदेश अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों से आने वाली वस्तुओं पर कर लगा सकता है।**
- **हालाँकि, उसे आयातित वस्तुओं और स्थानीय रूप से निर्मित समान वस्तुओं के बीच भेदभाव नहीं करना चाहिए।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR